Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to give compensation to farmers in Marathwada region whose crops got damaged due to unseasonal rains.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं । पिछले दो दिन से मैं शून्य काल में ट्राई कर रहा था कि मेरा नंबर निकले, लेकिन नहीं निकल पाया ।

महोदय, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा रीजन में बेमौसम वर्षा के कारण किसानों का नुकसान हुआ है और वह नुकसान इस कद्र है, मैं हर एक तालुका में स्वयं जाकर आया हूं और उनके साथ बैठकर स्वयं की नजरों से सब देखा है । पिछले दो साल सूखे की वजह से किसान परेशान थे । इस साल अच्छी फसल आई थी और फसल काटने का मौसम था । उस फसल को बेचकर किसान को कुछ पैसे मिलने वाले थे । लेकिन इस बेमौसम वर्षा की वजह से सोयाबीन की फसल, अंगूर की फसल और हर एक फसल का सौ प्रतिशत नुकसान किसान को हुआ है । उस किसान की अपेक्षा है कि उसको यह मदद मिले । मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि महाराष्ट्र के जिन किसानों की बेमौसम वर्षा की वजह से उनकी खेती का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए हर किसान को 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की मदद तत्काल दी जाए । यही मेरा कृषि मंत्री जी से अनुरोध है ।

माननीय अध्यक्ष : श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राहुल रमेश शेवाले और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री ओम पवन राजेनिंबालकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।